कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 02/04/2025

विषयः- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से धोखाधड़ी करके बदले गये सोने के आभूषण कुल 12 अदद लॉकेट व 02 अदद अंगूठी (कुल वजन कुल 138.900 ग्राम) बरामद किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 18.09.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 103/2024 धारा 318(4)/316(2) बीएनएस से संबधित आभूषण जिसको अभियुक्तगण द्वारा बाबा काल भैरव मंदिर रोड पर स्थित सोने की दुकान पर नकली सोने का आभूषण के बदले दुकानदार से असली सोने के आभूषण लेकर चले गये थे को दिनांक 01.04.2025 की रात्रि में मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगण को हरिश्चंद्र पार्क में सार्वजनिक शौचालय के पास से 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से धोखाधड़ी करके बदले गये आभूषण कुल 12 अदद लॉकेट व 02 अदद अंगूठी की सकुशल बरामदगी किया गया बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर धारा- 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी किया गया तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- बाबा काल भैरव मंदिर रोड पर स्थित सोने की दुकान पर अभियुक्तगण आकर लड़की की शादी की बात बताकर दुकानदार को पुराना सोने का समान देकर उसके बदले कुछ नये आभूषण एवं साड़ी लेने की बात बताकर दुकानदार की दुकान से आभूषण पसन्द करके पुराने आभूषण के बदले नये आभूषण को लेकर चले गये । दुकानदर द्वारा आभूषण को चेक किया गया तो ऊपर से सोने की परत लगा हुआ पाया गया था। जिसके संबंध में दुकानदार द्वारा थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

विवरण पूछताछः- अभियुक्तगण पूछताछ मे बताये कि हम लोग सोना वालों को भरोसा दिलवाकर नकली सामान असली बनाकर देते है यह सामान अपने पास रखकर तीनों लोग मिलकर सोना वाले के पास जाते हैं तो पहले एक पीली धातु की अंगूठी रखते हैं और अंगूठी के दाम का आधा रुपया सोनार से मांगते हैं और कहते हैं की दो दिन बाद आयेंगे आपसे अंगूठी लेंकर आपका रुपया ब्याज के साथ दे देंगे फिर उसके चार-पांच दिन बाद आते हैं तो एक पीली धातु की लॉकेट रखते हैं फिर उस गिरवी रखे सामान के दाम का आधा रुपया लेकर के चले जाते हैं दो-तीन दिन बाद आकर गिरवी रखे सामान को भी वापस ले लेते हैं जब दुकानदार को विश्वास हो जाता है तो हम लोग स्वर्णकार की हैसियत के हिसाब से सामान नकली और असली मिलाकर पूरे सामान को असली मानकर सामान की कीमत का

ही पूरा पैसा और अन्य सामान सोने चांदी का यह बता कर ले लेते हैं कि मेरे लड़की की शादी है तो दुकानदार विश्वास करके पूरा पैसा दे देता है और उसके एवज में गहने भी दे देता हैं और स्वर्णकार नकली सामान को असली समझ कर रख लेता है और फिर हम दोबारा उस दुकान पर नहीं जाते हैं इस प्रकार हम दुकान वाले को धोखा देकर अपना सामान लेकर बिना कोई जान पहचान बताएं अपने घर चले जाते हैं और जो भी रुपया और सामान दुकान वाले से लेते हैं सभी लोग आपस में बांट लेते हैं साहब दुकान वाले से हम लोग जो सामान लिए थे कुछ सामान हम लोग अपने हिस्से में से चलते फिरते व्यक्तियो को औने पौने दाम पर बेंच दिये थे बिक्री का जो पैसा मिला था उसको हम लोग खाने पीने में खर्च कर दिये है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1. चांद वीर पुत्र स्व0 सुआ निवासी बडौद कांत थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर राजस्थान उम्र 55 वर्ष
2. श्याम सुंदर पुत्र पप्पू निवासी ग्राम खोरपुरी थाना बड़ौदा मेंव जिला अलवर राजस्थान उम्र 24 वर्ष
3. कल्लू पुत्र स्व0 किशन लाल निवासी ग्राम खोरपुरी थाना बड़ौदा मेंव जिला अलवर राजस्थान उम्र 35 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण-</u> सोने के आभूषण जिसमें 12 अदद लॉकेट व 02 अदद अंगूठी जिसका कुल वजन 138.900 ग्राम

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-</u> दिनांक- 01.04.2025, स्थानः- हरिश्चंद्र पार्क में सार्वजनिक शौचालय के पास थाना कोतवाली वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दयाशंकर सिंह थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 रामस्वरुप सिंह थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 राहुल गुप्ता थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 आनन्द प्रकाश यादव, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
5. का0 शिवम भारती थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
6. का0 अखिलेश कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
7. का0 सूरज यादव, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।